तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 16 जनवरी 2026

09 मातृशक्तियों ने दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया मकर संक्राति पर्व



10 भारी बस्ते तले दबता बचपन, 4 की जगह 8 किलो का...





## खबर संक्षेप

### विधायक साहू का सघन दौरा आज, विभिन्न कार्यक्रम में होगें शामिल



**छुईहा बेलर।** राजिम विधान सभा क्षेत्र विधायक रोहित साहू अपने निर्वाचन क्षेत्र प्रवास पर रहेंगे जहां विभिन्न कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधायक निज सहायक किशोर साहू ने कहा विधायक जी 12 बजे राजिम विधायक भवन निवास से प्रस्थान करेंगे। 12.30 बजे ग्राम बिजली रामचरितमानस महायज्ञ एवं निषाद राज गुहा जयंती, 2 बजे खुटेरी निषाद राज गुहा जयंती, 4 बजे ग्राम लचकेरा विभिन्न विकास कार्य भुमि पुजन कार्यक्रम में शामिल होंगें। इस मौके पर विधायक के साथ जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### घर-घर नल कनेक्शन का परीक्षण आज से

**फिंगेश्वर।** नगर पंचायत फिंगेश्वर में अमृत मिशन जल प्रदाय योजना अंतर्गत समस्त वार्डों में नल कनेक्शन घर-घर प्रदान किया गया है। उस नल कनेक्शन में जल प्रवाहित दिनांक 16 जनवरी से किया जायेगा जो कि 05 से 06 दिन तक चलेगा। पाईप लाईन से जल प्रवाहित का टेस्ट किया जा रहा है। नवीन नल कनेक्शन से निकलने वाले पानी का पीने व घरेलु उपयोग न करें साथ ही जिनको नल कलेक्शन नहीं मिला है वो कार्यालय नगर पंचायत फिंगेश्वर में सम्पर्क कर अपने घर में नल कनेक्शन लगवा सकते है। उक्त जानकारी नगर पंचायत के सीएमओ चंदन मानकर ने दी है।

### जिला स्तरीय मेगा क्रेडिट कैंप 20 को

**गरियाबंद।** कलेक्टर उइके के निर्देश पर ऋण वितरण एवं बैंकिंग समस्याओं के निराकरण के लिए जिला स्तरीय मेगा क्रेडिट कैंप का आयोजन मंगलवार, 20 जनवरी को सुबह 11:00 बजे से जनपद पंचायत गरियाबंद के सामुदायिक भवन में आयोजित किया जायेगा। जिला स्तरीय क्रेडिट कैम्प का मुख्य उद्देश्य विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत बैंको में किए गए ऋण प्रकरणों का निराकरण करना है। कैम्प में जिले में स्थित सभी बैंक की शाखाएं इस शिविर में उपस्थित रहेंगे तथा शिविर स्थल पर बैंकों का स्टाल लगाकर हितग्राहियों को लाभ पहुंचाएंगे।

### ग्राम खड़मा मड़ई मेला 18 से

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम खड़मा (छुरा) में हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय मंड़ई मेला का आयोजन 18 जनवरी से 20 जनवरी तक किया गया है। इस मड़ई मेला में मुख्य आकर्षण हवाई झुला, टोरा-टोरा, ब्रेक डांस झुला, ड्रेगन झुला, बच्चों का झुला, मौत कुंआ एवं मीना बाजार में माताओं, बहनों के खरीदी हेतु अनेक प्रकार के सामान आदि वहीं रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम19 जनवरी दिन-सोमवार लोक कला मंच लोकमया, महेश वर्मा, गंगा साहू और 20 जनवरी दिन-मंगलवार लोक कला मंव-रंग रंजन झाल, विरेन्द्र चतुर्वेदी की प्रस्तुति होगी।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए कलाकारों से आवेदन आमंत्रित

**राजिम।** राजिम नगर पालिका के सीएमओ मनीष कुमार ने बताया कि राजिम कुम्भ कल्प मेला 2026 सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुति देने वाले कलाकार एवं सांस्कृतिक दल पूर्व में दिए गए कार्यक्रमों का प्रमाण पत्र संलग्न करें। सीएमओ ने कहा कि केवल उन्हीं कलाकारों/सांस्कृतिक दलों के आवेदन पर विचार किया जाएगा जिन्होंने पूर्व में सांस्कृतिक कार्यक्रम बेहतर ढंग से प्रस्तुत किया हो। आवेदन 25 जनवरी तक ही नगर पालिका राजिम अथवा जिला कार्यालय गरियाबंद में जमा कर सकते है।

# राज्यपाल गोदग्राम बिजली पंचायत का होगा सर्वांगीण विकास : राज्यपाल सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

■ राज्यपाल के दत्तक ग्राम बिजली का होगा कायाकल्प

राज्यपाल रमेन डेका द्वारा गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर विकासखण्ड को 05 जून 2025 को ग्राम पंचायत बिजली एवं आश्रित गांव मड़वाडीह को गोद लिया गया है। इस ग्राम पंचायत का सतत चहुंमुखी विकास किया जा रहा है। इस संबंध में राज्यपाल के सचिव एवं सहकारिता सचिव श्री सीआर प्रसन्ना ने औचक निरीक्षण कियां। इस दौरान कलेक्टर  बीएस उइके, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उन्होंने ग्राम पंचायत बिजली को राज्यपाल द्वारा गोद लिये जाने की अवधारणा को ग्रामीणों एवं बिहान दीदीयों के बीच विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस ग्राम पंचायत का चरणबद्ध तरीके से विकास कार्य कराया जाएगा। इसके लिए शासन प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों का सहयोग एवं समन्वय बेहद जरूरी है। श्री प्रसन्ना ने ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा आजीविका के स्थायी साधन विकसित करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत बिजली में आजीविका संवर्धन हेतु एक विस्तृत एवं बहुआयामी कार्ययोजना तैयार की गई है। इस कार्ययोजना का मुख्य लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्र की पात्र महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जोड़कर ▶▶| शेष पेज 8 पर

## सचिव प्रसन्ना ने किया औचक निरीक्षण, बिहान दीदियों को बनाएंगे लखपति



### पंचायत में बायो रिसोर्स सेंटर विकसित करने की योजना

ग्राम पंचायत स्तर पर ऑफलाइन मेसन प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा, वहीं महिलाओं की रुचि के अनुसार प्रदाय संस्थाओं के माध्यम से जैविक खेती का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। पशुपालन विभाग एवं कृषि विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर बकरीपालन, पशुपालन और सब्जी बाड़ी जैसी गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके अलावा उत्पादक समूह का गठन कर उन्हें एफपीओ से जोड़ते हुए आजीविका गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। भविष्य में ग्राम पंचायत में बायो रिसोर्स सेंटर विकसित करने की भी योजना है, जिससे स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग कर रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा सकें। इसके अलावा उन्होंने ग्रामीणों को रबी सीजन में धान के विकल्प के रूप में चना, मसूर, सरसों, मूंग, सब्जी एवं नकदी फसल लगाने के लिए प्रेरित किया। जिससे कि किसानों की आय में और अधिक वृद्धि हो सके। बिहान दीदीयों ने बताया कि यहां 29 महिला स्व-सहायता समूह है, जिसमें 316 महिलाएं बिहान योजना से जुड़ी हुई है। उनके द्वारा विभिन्न प्रकार के आजीविका से संबंधित कार्य किए जा रहे है।

## कार्रवाई : देवभोग एवं अमलीपदर पुलिस ने धान के अवैध परिवहन पर की कार्रवाई

# ओडिशा से तस्करी कर लाया जा रहा 178 क्विंटल अवैध धान जब्त, 6 वाहन धरे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुसार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने और बिचौलियों पर नकेल कसने के लिए गरियाबंद पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी कड़ी में 15 जनवरी 2026 को पुलिस ने ओडिशा सीमा से लगे देवभोग और अमलीपदर क्षेत्र में दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध धान और परिवहन में प्रयुक्त 6 वाहनों को जब्त करने में सफलता हासिल की है। गरियाबंद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर सरहदी इलाकों और चेक पोस्ट पर तैनात बल को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए थे। गुरुवार को थाना देवभोग और थाना अमलीपदर को सटीक सूचना मिली कि ओडिशा की ओर से कई वाहनों में अवैध धान भरकर छत्तीसगढ़ के केंद्रों में खपाने की तैयारी है। सूचना मिलते ही पुलिस की अलग-अलग टीमों ने घेराबंदी कर वाहनों को पकड़ा। पुलिस द्वारा की गई इस संयुक्त कार्रवाई में कुल 410 कट्टा (लगभग 178.5 क्विंटल) धान बरामद किया गया। जब्त किए गए वाहनों का विवरण इस प्रकार है देवभोग क्षेत्र में दो बोलेरो पिकअप (सीजी 04 क्यूएस 2850 और ओपी 03 सी 3844) से कुल 120 कट्टा धान जब्त।

चार ट्रैक्टरों (सीजी 04 एनसी 0189, सीजी 04 एमवाय 4058, सीजी 23 एच 8869 और एमएफ 3453) से कुल 280 कट्टा धान बरामद किया गया। पकड़े गए वाहन चालकों और मालिकों से जब धान के परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे गए, तो वे कोई भी कागज पेश नहीं कर सके। इसके बाद पुलिस ने धान और सभी 6 वाहनों को जब्त कर संबंधित विभाग (मंडी/खाद्य विभाग) को सुपुर्द कर दिया।





### विगत दो माह में 91 प्रकरण दर्ज

गरियाबंद जिले के सीमावर्ती थानों देवभोग, अमलीदर, इंदागांव, पीपरछेड़ी और छुरा में पिछले दो महीनों से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आंकड़ों के मुताबिक, अब तक कुल 91 प्रकरणों में 9638 कट्टा (4504.25 क्विंटल) अवैध धान पकड़ा जा चुका है। पुलिस की इस सघन कार्रवाई से सीमावर्ती इलाकों में अवैध धान खपाने वाले बिचौलियों और तस्करों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दीगर राज्यों से धान लाकर छत्तीसगढ़ के पंजीयकृत किसानों के खाते में खपाने की कोशिश करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। चेक पोस्ट पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है और आने वाले दिनों में यह अभियान और भी तेज होगा।

## आठ वर्षीय मासूम धारणी को नहीं मिला दिव्यांग योजना का लाभ हक के लिए भटक रहा परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम पंचायत रसेला के टेप्पापारा निवासी धर्मेन्द्र ठाकुर के बेटी धारणी दिव्यांग को अभी तक सहकारी योजना के लाभ पाने इधर उधर भटक रहा है। दिव्यांग लड़की के पिता ने बताया कि जब उनकी बेटी छोटी थी, तब भी वो भी कई बार प्रशासन से सहायता मिलने की मांग करी, लेकिन इसका सुनने वाले कोई नहीं। धारणी जो कि पैदाइशी दिव्यांग है, उसके माता-पिता का आरोप है कि दिव्यांग लड़की को शासन प्रशासन की तरफ से कोई भी सुविधा नहीं दी जा रही है। लड़की के माता जमुना ठाकुर का कहना है कि उनकी बेटी की उम्र 8 वर्ष है और कक्षा 2 में पड़ती है। लेकिन आजतक उसे सरकार या प्रशासन की तरफ से किसी भी आधिकारिक योजना या आर्थिक सहायता का लाभ नहीं दिया गया है। माता ने बताया कि धारणी मुश्किल घर से स्कूल पहुंचती है। या हर रोज उसे स्कूल छोड़ने जाते हैं। वैसे तो सरकार हर दिव्यांग बच्चे को सुविधाएं प्रदान करतीं हैं, लेकिन किसी भी अधिकारी से जान पहचान न होने के चलते वो अपनी बेटी को उसका हक दिला पाने में असक्षम है। सरकार द्वारा दिव्यागो को साइकिल वाली व्हीलचेयर मिलती है, और पेंशन भी दिया जाता है लेकिन उनकी बच्ची को अबतक ऐसा कुछ भी नहीं दिया गया है। पिता ने कहा आर्थिक समस्याओं के चलते वो अपनी बेटी के लिए कुछ नहीं कर पा रहे हैं। बता दें कि केंद्र सरकार ने वैसे तो दिव्यांग व्यक्तियों के लिए कई तरह की योजनाओं को चला रखा है, लेकिन इसका लाभ धारनी को नहीं मिल पाया है। विकलांग पेंशन योजना के अंतर्गत राज्य सरकार और केंद्र द्वारा 650 रूपए प्रति माह की धनराशि भी प्रदान की जाती है। दिव्यागो को रोजगार से लेकर उनकी दिव्यागता से जुड़ी जरूरी सहुलियत प्रदान करने के लिए भी सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है। परंतु फिर भी रसेला की रहने वाली इस दिव्यांग लड़की आज भी इन सुविधाओं से वंचित क्यों है।



## सांड ने युवक को हवा में उछालकर पटका, राहगीर पर भी किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

शराबी युवक को सांड के साथ मजाक करना महंगा पड़ सांड ने शराबी युवक को अपने सींग से उठाकर पटक दिया तो वही सड़क में चल रहे मोटर साइकिल चालक को दौड़कर मारा जिससे मोटर साइकिल चालक भी गिरकर घायल हो गया यह घटना ग्राम जोबा की बताई जा रही है। एक राहगीर युवक सुदेश कुमार जो रायघर निवासी बताया जा रहा है वह युवक शराब के नशे में बार-बार चुपचाप सड़क किनारे बैठे बैल के साथ मजाक कर रहा था जो युवक को भारी पड़ा काफी समय तक युवक के द्वारा बार बार बैल के लगने से गुस्से में बैल युवक को सींग से उठाकर पटक दिया और युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को अस्पताल लाया गया उसके कमर में गंभीर चोट लगी है उनके परिजनों ने बताया की युवक पिछले तीन दिनों से मोटर साइकिल लेकर मड़ई देखने तुमड़ीबहार तरफ आया था और वहां से युवक इस क्षेत्र में घुमने आ गया था लेकिन शराब के नशे में बार बार सांड के साथ लगना महंगा पड़ा। इस दौरान गुस्सा में सांड ने सड़क में मोटर साइकिल से आ रहे ग्रामीण पर भी हमला कर दिया और ग्रामीण घायल हो गया हालंकि मोटर साइकिल चालक ग्रामीण को ज्यादा चोट नही आई लेकिन उसके मोटर साइकिल को सांड ने बुरी तरह रौंद दिया जिससे वाहन टूट फुट गया। इस दौरान आसपास के ग्रामीणों ने घायल ग्रामीण की आवाज सुनकर दौड़ लगाई और सांड को वहां से भगाया।



## सीईओ के समर्थन में उतरे सरपंच और सचिव उपाध्यक्ष के खिलाफ कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

जनपद पंचायत छुरा में पिछले कुछ दिनों से जारी आरोप-प्रत्यारोप का दौर अब बड़े विवाद में बदल गया है। जनपद सीईओ सतीश चंद्रवंशी पर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों के विरोध में सरपंच संघ, सचिव संघ और जनपद के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों ने एकजुट होकर मोर्चा खोल दिया है। संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सभी ने जनपद उपाध्यक्ष कुलेश्वर सोनवानी के व्यवहार की निंदा की है और उनके खिलाफ कलेक्टर से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। जनपद सीईओ सतीश चंद्रवंशी ने उपाध्यक्ष द्वारा लगाए गए वित्तीय अनियमितता के आरोपों को पूरी तरह बेबुनियाद और निराधार बताया है। उन्होंने पलटवार करते हुए कहा की उपाध्यक्ष कुलेश्वर सोनवानी नियमों को ताक पर रखकर कार्य कराने का दबाव बनाते हैं। बिना दस्तावेज के राशनकार्ड बनवाना, अपात्रों को पेंशन और मनरेगा के तहत अनुचित लाभ दिलाने के लिए वे शाखा प्रभारियों और ऑपरेटरों को धमकाते हैं। सीईओ ने आरोप लगाया कि सामान्य सभा की बैठकों में अधिकारियों के लिए 'चोर' और 'भ्रष्टाचारी' जैसे अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया जाता है, जिससे सभी कर्मचारी मानसिक रूप से प्रताड़ित महसूस कर रहे हैं।

**सरपंच और सचिव संघ ने दिया खुला समर्थन-** सरपंच संघ के अध्यक्ष पन्नालाल ध्रुव और उपाध्यक्ष राधे दीवान ने स्पष्ट किया कि सीईओ के खिलाफ लामबंद होने की बात पूरी तरह झूठी है। सरपंचों ने कहा कि सीईओ चंद्रवंशी का व्यवहार उनके साथ हमेशा सहयोगात्मक रहा है और वे उनके कार्य की कार्यकुशलता का पूर्ण समर्थन करते हैं। सचिव संघ के अध्यक्ष चेतन सोनकर ने सीईओ के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में ग्राम पंचायतों में शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से हो रहा है। सचिव स ▶▶| शेष पेज 8 पर



## पंचकोसी यात्रा कल पहुंचेगी कोपरा, होगा पुण्य स्नान और पूजन का विधान

# 5 हजार श्रद्धालु करेंगे कपूरेश्वर महादेव के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गरियाबंद जिले में आस्था और परंपरा की प्रतीक 'पंचकोसी यात्रा' अपने चरम पर है। इसी कड़ी में शुक्रवार सुबह लगभग पांच हजार पैदल श्रद्धालु पंचकोसी धाम की पवित्र नगरी कोपरा पहुंचेंगे। श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए कोपरा वासियों और मंदिर समिति ने व्यापक प्रबंध किए हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, शुक्रवार सुबह कोपरा पहुंचने के बाद श्रद्धालु सबसे पहले स्थानीय दलदली तालाब में पुण्य स्नान करेंगे। स्नान के पश्चात भक्तगण भगवान कर्पुरेश्वर महादेव के मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना करेंगे। मान्यता है कि पंचकोसी यात्रा के दौरान महादेव के दर्शन मात्र से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।नगरवासियों द्वारा यात्रियों के लिए जगह-जगह जलपान और विश्राम की व्यवस्था की गई है। मंदिर परिसर में दर्शन को सुगम बनाने के लिए बैरिकेडिंग और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा श्रद्धालुओं की सेवा के लिए शिविर लगाए गए हैं।

**राजिम से शुरू होती है पावन यात्रा-** उल्लेखनीय है कि यह यात्रा राजिम स्थित भगवान कुलेश्वर महादेव के दर्शन के साथ प्रारंभ होती है। श्रद्धालु पैदल चलते हुए क्षेत्र के पांच प्रमुख शिव धामों (पंचकोसी धाम) की यात्रा करते हैं। कोपरा इस यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जहां भगवान कर्पुरेश्वर महादेव विराजित हैं। शुक्रवार को यात्रियों के आगमन के साथ ही पूरा क्षेत्र 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष से गुंजायमान हो उठेगा।



## राष्ट्रीय चिंतन शिविर प्रयागराज के लिए किसानों का दल रवाना




**राजिम।** भारतीय किसान यूनियन का राष्ट्रीय चिंतन शिविर 16 से 18 जनवरी को प्रयागराज, उत्तरप्रदेश में होने जा रहा है जिसमें छत्तीसगढ़ के रायपुर, गरियाबंद, बीजापुर, बस्तर से 110 किसानों का दल दुर्ग-नवतनवा एक्सप्रेस से प्रदेश महासचिव तेजराम विद्रोही, गरियाबंद जिला अध्यक्ष मदन लाल साहू, बस्तर संभाग अध्यक्ष शिवा स्वर्णकार, बस्तर जिला अध्यक्ष रमेश गोयल, बीजापुर जिला अध्यक्ष सम्बय्या धंनूर, गरियाबंद जिला महासचिव योगेंद्र साहू के नेतृत्व में रवाना हुए। यह जानकारी देते हुए प्रदेश महासचिव तेजराम विद्रोही ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन केंद्रीय कमेटी द्वारा प्रत्येक छह महीने में सांगठनिक कामकाज की व्याख्या, पिछले कार्यक्रमों का मूल्यांकन और आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा कर योजनाएँ बनाई जाती है। कहा कि इस शिविर में छत्तीसगढ़ की सांगठनात्मक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर छत्तीसगढ़ में व्याप्त आम जनता व किसानों की समस्याओं को एक प्रस्ताव के रूप में रखा जायेगा। छत्तीसगढ़ के किसानों को धान का समर्थन मूल्य केन्द्र की वृद्धि के साथ 3286 रुपए प्रति क्विंटल मिलनी चाहिए। इसी के साथ कुछेक प्रस्ताव और रखे जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### गातापार में चिकित्सकों का राष्ट्रीय अधिवेशन 18 को

**अभनपुर।** ग्राम गातापार स्थित जीवोदया विद्यालय प्रांगण मे नागार्जुन नेचुरोकेयर हेल्थ वेलनेस एंड रिसर्च सेंटर केंद्रीय अभनपुर नवा रायपुर एवं हॉलिस्टिक मेडिसिन रिसर्च फाउंडेशन इंटरनेशनल के संयुक्त तत्वावधान में इलेक्ट्रोहो्योपैथी एवं हॉलिस्टिक मेडिसिन चिकित्सकों का राष्ट्रीय अधिवेशन 18 जनवरी को रखा गया है। अधिवेशन में इलेक्ट्रोहो्योपैथी, हॉलिस्टिक मेडिसिन के साथ एक्यूपंक्चर, एक्यूप्रेशर, हिजामा, काइरोप्रैक्टिक, साउंड हीलिंग व न्यूरो थेरेपी जैसी वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों पर देशभर से आए विशेषज्ञ अपने विचार व शोध प्रस्तुत करेंगे।

## पेज 7 के शेष...

### राज्यपाल गोदग्राम ...

उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और लखपति दीदी की श्रेणी तक पहुंचाना है।

**महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य-** उन्होंने ग्रामीण एवं बिहान दीदीयों से चर्चा करते हुए कहा कि कार्ययोजना के तहत अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा सर्वप्रथम ग्राम पंचायत की उन पात्र महिलाओं को चिन्हांकित किया गया है जो अब तक किसी भी स्व-सहायता समूह से नहीं जुड़ पाई थीं। इन महिलाओं को समूहों से जोड़कर सामूहिक बचत, ऋण एवं आजीविका गतिविधियों में भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही ग्राम पंचायत के समस्त स्व-सहायता समूहों को बैंक लिंकेज से जोड़ा जा रहा है, ताकि महिलाओं को वित्तीय संसाधनों तक सहज पहुंच मिल सके। अधिक से अधिक महिलाओं को उद्यमी के रूप में विकसित करने तथा उन्हें इंटरप्राइज फाइनेंस से जोड़ने की भी योजना बनाई गई है। ग्राम पंचायत में मॉडल सीएलएफ (क्लस्टर लेवल फेडरेशन) का चयन किया जा चुका है, जो समूहों के मार्गदर्शन, निगरानी एवं समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके अतिरिक्त जेंडर रिसोर्स सेंटर के माध्यम से सामाजिक एवं लैंगिक सहायता व्यवस्था को मजबूत करने के लिए भी कार्ययोजना बनाई गई है, जिससे महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा और परामर्श जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। कृषि एवं गैर-कृषि आधारित आजीविका गतिविधियों के लिए स्व-सहायता समूहों की दीदियों का चिन्हांकन किया गया है। इन गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं की आय बढ़ाकर उन्हें लखपति दीदी की श्रेणी में लाने का लक्ष्य रखा गया है। चिन्हांकित स्व-सहायता समूहों का सहकारिता विभाग में पंजीयन भी कराया जाएगा।

### सीईओ के समर्थन...

गठन पूरी तरह सीईओ के साथ खड़ा है। **अधिकारी-कर्मचारियों में भारी रोष-** इस विवाद में आरईएस विभाग के एसडीओ दिनेश नेताम, मनरेगा पीओ रमेश कवर, बिहान योजना के अधिकारी, सहायक अभियंता और अन्य सभी विभागों के कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से उपाध्यक्ष के /"तानाशाही रवैये/" के खिलाफ आवाज उठाई है। कर्मचारियों का कहना है कि नियम विरुद्ध कार्य न करने पर उन्हें 'देख लेने' की धमकी दी जाती है। इस दौरान पन्नालाल ध्रुव, राधे दीवान, दीपक ध्रुव, हेमलता ध्रुव, गोदावरी दीवान, चेतन सोनकर, विष्णु यादव, काशी राम साहू, गजेन्द्र साहू, हरीशचंद्र ध्रुव, एसडीओ दिनेश नेताम, पीओ रमेश कवर एवं समस्त जनपद स्टाफ उपस्थित थे।

**कलेक्टर से न्याय की गुहार-** समस्त संगठनों ने संयुक्त रूप से हस्ताक्षरित ज्ञापन कलेक्टर गरियाबंद को भेजकर उपाध्यक्ष के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने और कार्यस्थल पर गरिमापूर्ण माहौल सुनिश्चित करने की मांग की है।

**कार्यक्रम : शहर में आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा**

# नवापारा में राम भक्त गुहा निषाद जयंती का 75वां वार्षिक उत्सव आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



शहर में राम भक्त गुहा निषाद जयंती के 75वें वार्षिक उत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। दानवीर अलेन सिंह निषाद की स्मृति में 29 मार्च 1951 को 5850 वर्ग फुट भूमि दान से शुरू हुई श्री बाल समाज भक्त निषाद मंडली आज सामाजिक सेवा का प्रतीक बनी हुई है। यह दानशीलता नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत है, जो इतिहास से जुड़कर समाज सेवा अपनाने का संदेश देती है। शोभायात्रा और राम मूर्ति प्रतिष्ठापन16 जनवरी 2026 को सुबह 10 बजे गाना-बाजा के साथ 5 किलो वजनी मूल्य 5700 रुपये श्री राम भगवान की मूर्ति को निषाद भवन लाया जाएगा। यहां नवनिर्मित स्टील के डोले में मूर्ति स्थापित कर भव्य जुलूस निकाला जाएगा। जुलूस का मागः् गंज रोड, सुभाष चौक, सदर रोड, नेहरू गार्डन होते हुए वापस निषाद भवन। निषाद भवन के दो कमरों में से पहले कमरे को भव्य मंदिर में परिवर्तित किया जा रहा है। मूर्ति के लिए स्टील का डोला दानदाता डोमन, बलराम, डोमेश्वर और चंदन (पिता पन्नालाल निषाद, अध्यक्ष नगर नवापारा ने 16,000 रुपये की लागत से बनवाया है। यह 40 किलो वजनी डोला 4 फीट लंबा-चौड़ा और ढाई फीट ऊंचा है। तीन दिवसीय उत्सव कार्यक्रम 14, 15 एवं 16 जनवरी को राम भक्त गुहा निषाद राज जयंती शोभायात्रा रैली, प्रभात फेरी और अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। चीतानंद गाना रैली में डीजे, झांकी और बच्चों का स्टेट स्तर का प्रोग्राम होगा। प्रमुख आयोजक सदस्यः पन्ना निषाद, कृष्णा निषाद, नरोत्तम निषाद, राजा निषाद, सुजित निषाद, चंदन निषाद, बबलू निषाद, दयाराम निषाद, भुवन निषाद, डिहू निषाद, भुवनेश्वर निषाद, प्रहलाद निषाद, शंकर निषाद, लीला निषाद, भोला निषाद, मोती निषाद, संतोष निषाद, शिवराम निषाद, रवि निषाद, सुकलाल निषाद, धनेंद्र निषाद तथा रायपुर जिला कार्यकारिणी सदस्य माखन निषाद सभी आमजन सादर आमंत्रित हैं। यह उत्सव सामाजिक एकता और भक्ति का अनुपम संगम बनेगा।





### पीएम श्री स्कूल में गूंजा वंदे मातरम

**नवापारा-राजिम।** वार्ड क्रमांक 15-16 के नवीन प्राथमिक पीएम श्री स्कूल में सामूहिक वंदे मातरम गीत का कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद नम्मूनारायण ध्रुव एवं वार्ड 16 की पार्षद निर्मला-धीरज साहू शामिल हुए। यहां बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ वंदे मातरम संपूर्ण गीत सामूहिक रूप से गाया।



### नायब तहसीलदार डोनेश का हुआ सम्मान

**राजिम।** लोक सेवा अधिकारी के रूप में कर्तव्यनिष्ठा, सकारात्मक सोच और जनसेवा के प्रति समर्पण भावना को देखते हुए नायब तहसीलदार डोनेश साहू का शाल, श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रदेश साहू संघ के पूर्व उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू सहित समाज के वरिष्ठ लोग मौजूद थे।



### डॉ. चरण दास महंत ने तीजा बाई साहू को दी श्रद्धांजलि

**नवापारा-राजिम।** पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू की माता तीजा बाई साहू को श्रद्धांजलि अर्पित करने गुरूवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता-प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत मानिकचौरी पहुंचे। डॉ. महंत ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। कहा कि जन्म देने वाली मां की कमी दुनिया में कभी पूरा नहीं हो सकता।

# कुलाधिपति डॉ. अग्रवाल का जन्मदिन मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय नवापारा छुरा के कुलाधिपति डॉ. विनय एम अग्रवाल का जन्मदिन विश्वविद्यालय परिसर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के सहयोग से आसपास के क्षेत्रों में सामाजिक सहभागिता से जुड़े कार्यक्रम संपन्न हुए। इसी क्रम में महासमुंद स्थित वृद्धाश्रम एवं छुरा के हॉस्पिटल में फल एवं आवश्यक सामग्री का वितरण कर सेवा एवं संवेदनशीलता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद महलवार ने कहा कि वनांचल में किसी संस्थान की स्थापना करना आज के समय में किसी भी अन्य चुनौती से कहीं अधिक कठिन कार्य है। वर्तमान में लोग बेहतर शिक्षा और रोजगार की तलाश में शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं, किंतु कुलाधिपति महोदय की दूरदर्शी सोच ने इस पलायन-मानसिकता को एक तरह से चुनौती दी है। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्कृत में जन्मदिन-शुभकामना श्लोक के वाचन से हुआ, जिसका पाठ संचालक डॉ. दिवाकर तिवारी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन श्री अर्जुन सिंह द्वारा प्रस्तुत किया गया। इन कार्यक्रमों का संयोजन सुश्री हिमांशी साहू ने किया।



# विकसित भारत योजना से सशक्त होंगे ग्रामीण : अनिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



- बेलर में मड़ई मेला और 17 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

ग्राम पंचायत बेलर में विकास और संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिला। यहां ग्राम विकास समिति के तत्वावधान में आयोजित वार्षिक मड़ई मेला के अवसर पर 17 लाख रुपये की लागत से होने वाले सीसी रोड निर्माण और टीन शेड कार्य का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गरियाबंद जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चन्द्राकार शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए अनिल चन्द्राकार ने केंद्र सरकार की विकसित भारत वीबीजी राम जी योजना पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच के कारण अब ग्रामीणों को 100 के स्थान पर 125 दिन का गारंटीड रोजगार मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि मजदूरी में देरी होने पर अतिरिक्त भुगतान और बेरोजगारी भत्ते का प्रावधान है। खेती के सीजन (बुवाई-कटाई) के दौरान 60 दिनों तक कार्य बंद रहेगा ताकि कृषि कार्य प्रभावित न हो। यह कानून दिसंबर 2025 में पारित हुआ है, जो 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। श्री चन्द्राकार ने पंचायत की मांग पर 5 लाख रुपये की अतिरिक्त घोषणा भी की और साय सरकार के दो वर्ष के सुशासन की सराहना की।

**नशा मुक्त समाज निर्माण की आवश्यकता-** कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला भाजपा महामंत्री चन्द्रशेखर साहू ने सामाजिक बुराइयों पर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि नशा केवल स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि परिवार और राष्ट्र की प्रगति में बाधक है। बेरोजगारी और तनाव के कारण युवा इसकी चपेट में आ रहे हैं। एक सशक्त राष्ट्र के लिए नशा मुक्त समाज का निर्माण अनिवार्य है।

**बेलर से उठ रहा विकसित भारत का संदेशः आशीष-** अति विशिष्ट अतिथि जिला भाजपा महामंत्री आशीष शर्मा ने कहा कि बेलर में परंपरा, संस्कृति और विकास का एक साथ दिखना इस बात का प्रतीक है कि ग्रामीण भारत अब विकास का केंद्र बन रहा है। यहाँ से पूरे जिले में विकसित भारत का संदेश जा रहा है। कार्यक्रम में सरपंच सुमन लेखराम रात्रे, भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजूलता हरित और सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर खोमन साहू (अध्यक्ष ग्राम विकास समिति), हरिशंकर साहू, गजपत साहू, लेखराम रात्रे, भागवत सिन्हा, सीमा ठाकुर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे। मंच का सफल संचालन लाकेश मानिकपुरी ने किया।

### भाटीगढ़ में ब्लॉक स्तरीय महिला खेल 17 से

**मैनपुर।** प्रतिवर्ष की भांति खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में विकास खंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन उन्मुक्त खेल मैदान भाटीगढ़ में 17 जनवरी 2026 को आयोजित किया गया है। उक्त प्रतियोगिता में केवल महिला प्रतिभागी ही भाग ले सकेंगे प्रतियोगिता दो आयु आयु वर्ग 09 से 18 व 18 से 35 आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। दोनों ही आयु वर्ग के महिला खेलकूद के विधाएं खो खो, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कुश्ती, रस्साकसी, बास्केटबॉल, फुटबॉल, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, एथलेटिक्स (100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, तवा फेंक) विकास खंड स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागी जिला स्तर के प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। आयोजन को लेकर जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीएस नागवंशी ने बैठक आहूत किया।

**न्यायालय तहसीलदार छुरा, जिला गरियाबंद (छ.ग.)**

**:: उद्घोषणा ::**

रा.मा.क्र./202512220600012 /अ-21(2) / वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण ए.एस.पी. डेवलपर्स द्वारा पार्टनर मंगलचंद पंजवानी पिता घनश्याम दास पंजवानी निवासी गोबरा नवापारा तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.) व अन्य 02 व्यक्तियों द्वारा छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6-क) के अधीन आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम/नगर छुरा तहसील छुरा में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नम्बर 223/1 रकबा 0.867 हे. में से नगर एवं ग्राम निवेश द्वारा अनुमोदित ले आउट के अनुसार प्लाट नम्बर 31 क्षेत्रफल 114.89 वर्गमीटर व प्लाट नम्बर 34 क्षेत्रफल 114.89 वर्गमीटर को अनावेदक रेखचंद देवांगन पिता जगदीश देवांगन निवासी छुरा को, तथा प्लाट नम्बर 30 क्षेत्रफल 114.89 वर्गमीटर व प्लाट नम्बर 35 क्षेत्रफल 114.89 वर्गमीटर को अनावेदक चित्रसेन देवांगन पिता जगदीश निवासी छुरा को एवं प्लाट नम्बर 03 क्षेत्रफल 143.70 वर्गमीटर को अनावेदक लक्ष्मी वेणु तिवारी पति दीपक तिवारी निवासी छुरा को विक्रय/ अंतरण की अनुमति बाबत आवेदन मान न्यायालय कलेक्टर जिला गरियाबंद के समक्ष पेश किये है, जो जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) छुरा के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उपरोक्त संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति/ संस्था/ शासकीय/ अर्ध्दशासकीय निकाय या अन्य संस्था को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 06.02.2026 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई विचार नही किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद-मुद्रा से जारी किया गया।

(मुहर) तहसीलदार छुरा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**
Email ID-sdmchhura@gmail.com

**उद्घोषणा**

**ई-कोर्ट 202601222000014 / अ-2/वर्ष 2025-26**
**ग्राम- मड़ेली, प.ह.नं. 23**
**तहसील छुरा, जिला गरियाबंद छ.ग.**
**छुरा, दिनांक 12/01/2026**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक पंखसियुस एक्का पिता भीमसेन्ट एक्का निवासी न. 15. वार्ड न. 01 रामसाम करमा जशपुर बगीचा (छ.ग.) द्वारा ग्राम मड़ेली तहसील छुरा जिला गरियाबंद स्थित अपनी भू-स्वामी हक की भूमि ख.नं. 49 रकबा 0.500 हे. को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन के लिए आवेदन-पत्र के साथ नक्शा खसरा बी-1 की छायाप्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से सुनवाई दिनांक 28/01/2026 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकता है नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से आज दिनांक 12/01/2026 को जारी किया गया।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी (रा.) छुरा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), छुरा जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**
Email Id- sdmchhura@gmail.com

**// उद्घोषणा //**

ई-कोर्ट. 202601222000013/अ-2/ वर्ष 2025-26
ग्राम मड़ेली, प.ह.नं. 23
तहसील छुरा जिला गरियाबंद छ.ग.
छुरा दिनांक 12.01.2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका सुमन ब्राम्हणकर पति श्री श्रवण ब्राम्हणकर निवासी श्रवण सुमन हाऊस मकान न. 51, 53, 53 श्रीजी कल्पतरू, अमलीडीह रायपुर तहसील व जिला रायपुर द्वारा ग्राम मड़ेली तहसील छुरा जिला गरियाबंद स्थित अपनी भू-स्वामी हक की भूमि ख.नं. 1382, 1390/1, 1390/2, 1464/1, 1465/1, 1466/1, रकबा क्रमशः 0.48, 0.91, 0.47, 1.35, 0.34, 1.55, हे. कुल खसरा 06 कुल रकबा 5.1000 हे., को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन के लिए आवेदन-पत्र के साथ नक्शा, खसरा, बी-1 की छायाप्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति/ दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से सुनवाई दिनांक 28.01.2026 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकता है नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से आज दिनांक 12/01/2026 को जारी किया गया।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी (रा.) छुरा

शोक संदेश



स्व. श्रीमती तीजा देवी साहू

विधि के विधान के आगे नतमस्तक होकर अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्यनीय माताजी श्रीमती तीजा देवी साहू का स्वर्गवास दिनांक 08.01.2026 गुरूवार को हो गया है।
अतः उक्त कार्यक्रम में आप सपरिवार शामिल होकर पवित्र आत्मा को शांति प्रदान कर हमें अनुग्रहित करें।

कार्यक्रम
दशगात्र एवं (संपूर्ण कार्यक्रम)
दिनांक 16.01.2026 शुक्रवार, स्थल : ग्राम मानिकचौरी, अभनपुर

शोकाकुल परिवार
थनेन्द्र, हेमेन्द्र, फलेन्द्र, बुद्धेश्वर, छत्रधारी, मोहेन्द्र, निलेश, उत्पल, भूपेन्द्र, रिहांस, अनय, तनिष्क, श्रीश एवं समस्त साहू परिवार

विनीत
छबीराम साहू (पुत्र)
चन्द्रशेखर साहू (पुत्र)
(पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री-छ.ग. शासन)
चन्द्रिका प्रसाद साहू (पुत्र)
चिन्ता राम साहू (पुत्र)

## खबर संक्षेप

### केंद्र की मोदी सरकार गरीबों और मजदूरों के लिए समर्पितः सचदेव

**मैनपुर।** केन्द्र के नरेन्द्र मोदी सरकार गरीबो और मजदूरो के लिए समर्पित है उक्त बाते भाजपा मंडल महामंत्री दिनेश सचदेव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही साथ ही वीबी–जी राम जी योजना के लाभ गिनाते हुए कहा कि, यह योजना ऐतिहासिक,



क्रांतिकारी और लोक कल्याण की दिशा में मील का पत्थर है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार गरीबों, मजदूरों के लिए समर्पित व प्रतिबद्ध होकर काम कर रही है केंद्र सरकार द्वारा लाया गया विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम, 2025 नए रुप में अब पूर्ववर्ती मनरेगा योजना का स्थान लेगी। श्री सचदेव ने कहा प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने की दिशा में यह अधिनियम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेगा इस कानून का प्राथमिक उद्देश्य गरीब, किसान और मजदूरों के जीवन स्तर में सुधार लाना है इस नए अधिनियम के तहत ग्रामीण परिवारों के लिए रोजगार की गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर अब 125 दिन कर दिया गया है।

## निधन

### नत्थू सर्वे

**फिंगेश्वर।** टिकरापारा निवासी सेवानिवृत शिक्षक नत्थू सर्वे का 15 जनवरी को निधन हो गया। उनके



निधन से शिक्षक जगत सहित नगर में शोक की लहर रही। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थे जिनका इलाज राजधानी में चल रहा था। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गये। उनके अंतिम यात्र में समाज के लोगों के साथ- साथ नगर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

**आयोजन :** राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य समारोह आयोजित

# फिंगेश्वर महाविद्यालय में गूंजा वंदे मातरम

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय, फिंगेश्वर में 15 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'वंदे मातरम 150' उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और गौरव के साथ मनाया गया। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित इस अमर गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में देशभक्ति का अनूठा जज्बा देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनभागीदारी अध्यक्ष राजू साहू थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती संतोषी श्रीवास्तव, लक्ष्मी श्रीवास्तव एवं दिगेश साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे ने की। अतिथियों द्वारा माँ भारती की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।



**देशभक्ति का संदेश केवल गीत नहीं, भारतीयों की भावना है-** बी.कॉम अंतिम वर्ष की छात्रा मानसी सोनी ने स्वागत भाषण और 'वंदे मातरम' संदेश का वाचन किया। उन्होंने कहा कि अनुशासन और ज्ञान के माध्यम से देश का भविष्य उज्ज्वल बनाना ही सच्ची देशभक्ति है। उन्होंने आधुनिक युग में वंदे मातरम की प्रासंगिकता पर जोर देते हुए कहा, /"ईमानदारी से कर्तव्य पालन और समाज में अच्छे नागरिक बनना ही आज की देश सेवा है। राजू साहू मुख्य अतिथि उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह गीत हमें स्वतंत्रता के संघर्ष और बलिदानों की याद दिलाता है। हमारा कर्तव्य है कि हम इस आजादी की रक्षा करें। ज्ञात हो कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा लिखित यह राष्ट्रीय गीत पहली बार 7 नवंबर 1875 को प्रकाशित हुआ था। इसके 150 वर्ष पूर्ण होने पर देशव्यापी कार्यक्रमों का आयोजन 7 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक किया जा रहा है। समारोह के अंत में समस्त छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों और स्टाफ ने सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम' का गान किया, जिससे पूरा परिसर देशभक्ति के स्वर से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर अतिथि प्राध्यापक उर्वशी चंद्राकर ने आभार व्यक्त किया।

# मातृशक्तियों ने दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया मकर संक्राति पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

मकर संक्राति के पावन पर्व पर 34 दिव्यांग बच्चों को चाकलेट, तिल का लड्डू मुर्रा लड्डू एवं कम्बल प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में विप्रकुल महिला मंडल की संरक्षक शकुंतला शर्मा, रमा शर्मा, सविता शर्मा, विद्या तिवारी, रेखा शुक्ला, विप्रकुल महिला मंडल अध्यक्ष रेखा तिवारी, पूनम दीवान, पुष्पांजलि शर्मा, सुभाषिनी शर्मा,भावना शर्मा, स्वाति शुक्ला, कुमुद पुरानिक ,कल्याणी शर्मा, स्मिता शर्मा, कुशाली शर्मा,मुक्ति शर्मा शामिल थे।

# जिले की 551 ग्राम पंचायतों में मॉडल जीपीडीपी को लेकर प्रशिक्षण जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में ग्राम पंचायतों की समग्र एवं आवश्यकता आधारित विकास योजना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मॉडल ग्राम पंचायत विकास योजना (मॉडल जीपीडीपी) को लेकर व्यापक प्रशिक्षण प्रक्रिया संचालित की जा रही है। जिला पंचायत द्वारा दिए गए निर्देश के तहत महासमुंद जिले के सभी 551 ग्राम पंचायतों में ब्लॉकवार फ्रंटलाइन वर्कर्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, बसना एवं सरायपाली विकासखंडों में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में मॉडल जीपीडीपी के क्रियान्वयन, ग्राम पंचायत योजना निर्माण समिति की भूमिका तथा सभी विभागों और समुदाय के सहयोग से नीड-बेस्ड जीपीडीपी योजना का निर्माण कर ग्राम सभा से पारित कराने की प्रक्रिया पर विशेष रूप से चर्चा की गई। प्रशिक्षण के दौरान पीएआई इंडिकेटर्स के अनुरूप 9 एलएसडीजीएस थीम के आधार पर योजनाओं के निर्माण, समावेशी योजना प्रक्रिया तथा पंचायत स्तर पर समन्वय को मजबूत करने पर जोर दिया गया। महासमुंद विकासखंड में आयोजित प्रशिक्षण में 14 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, शिक्षक एवं पीएचई मैकेनिक शामिल हुए। सभी प्रतिभागियों को विभागीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षित किया गया। यह प्रशिक्षण पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से प्रदान किया जा रहा है। फाउंडेशन की ओर से महेंद्र आर्य ने वीडियो माध्यम से मॉडल जीपीडीपी की अवधारणा, इसकी चरणबद्ध प्रक्रिया, फ्रंटलाइन वर्कर्स की भूमिका एवं पंचायत की सामूहिक सहभागिता को सरल रूप में समझाया।

## प्रकृति की गोद में बिजली का उत्पादन...



**मैनपुर।** सिकासार जलाशय में करोड़ो रूपए की लागत से विद्युत संयंत्र का निर्माण किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल द्वारा सिकासार जल विद्युत गृह से 23 .5 मेगावाट बिजली के उत्पादन होने की जानकारी दिया जाता है बहरहाल इन दिनों में यह विद्युत संयंत्र के चारों ओर छाई हरियाला, खुबसूरत वादिया ऊंचे- ऊंचे पहाड़ सिकासार जलाशय में पहुंचने वाले लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।

## क्षेत्र के प्रसिद्ध बावनकेरा का उर्सपाक 6 एवं 7 फरवरी को

**महासमुंद।** प्रदेश सहित क्षेत्र में प्रसिद्ध बावनकेरा का 68वां उर्स पाक धूमधाम से 6 एवं 7 फरवरी को मनाये जाने के लिए उर्स कमेटी मुस्लिम जमात एवं ग्राम प्रमुखों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई है। वर्षों से हिंदू-मुस्लिम एकता के लिए प्रसिद्ध बावनकेरा उर्स पाक में प्रदेश के कोने-कोने सहित देशभर के श्रद्धालुओं का आगमन होता रहा है। इस वर्ष यह आयोजन 6 एवं 7 फरवरी को होने जा रहा है। तत्संबंध में रंगरोगन साफ सफाई, मेला स्थल में दुकान आबंटन प्रकाश व्यवस्था, भोजन एवं आवास, पार्किंग के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही है एवं जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों को आमंत्रित किया जा रहा है। संपूर्ण तैयारियों के लिए उर्स कमेटी अध्यक्ष मो. आबिद खान, मुतवल्ली मो. जमील खान, तामीर कमेटी सदर, मो.अलीम अशरफी द्वारा आवश्यक बैठक ली जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आपसी भाईचारा एवं सौहार्द्र के साथ उर्स पाक संपन्न हो। इसके लिए बैठकों का दौर जारी है। बावनकेरा आपसी सौहार्द्र एवं एकता का प्रतीक रहा है। तैयारी बैठक में प्रमुख रुप से मो. करीम खान, जमील, सलीम, हनीफ, पीर मोहम्मद, अनीश खान, ईस्माईल, जाफर सादिक, गुलजार खान, हन इब्राहीम, रहीम खान, शकील खान सहित समस्त सदस्यगण उर्स की भव्यता के लिए जुट चुके हैं।



संकलनकर्ता- दीपक पोद्दार हरिभूमि संवाददाता फिंगेश्वर, विज्ञापन एवं समाचार के लिये संपर्क करें- मो.-9826377127

## खबर संक्षेप

### धनमती यादव बनीं प्रदेश किसान मोर्चा की विशेष आमंत्रित सदस्य

**छुरा।** प्रदेश में किसान हितों के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहीं धनमती यादव को प्रदेश किसान मोर्चा में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए जाने पर क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल है। उनकी यह नियुक्ति संगठन में किसानों, विशेषकर महिला किसानों की भागीदारी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। धनमती यादव लंबे समय से किसान समस्याओं, कृषि से जुड़े मुद्दों, फसल समर्थन मूल्य, सिंचाई, खाद-बीज की उपलब्धता एवं ग्रामीण विकास जैसे विषयों पर सक्रिय रूप से कार्य करती रही हैं। वे समय-समय पर किसानों की समस्याओं को मंच के माध्यम से शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य करती रही हैं, जिससे उन्हें किसान वर्ग के बीच एक जुझारू और कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में पहचान मिली है। प्रदेश किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने उनकी सक्रियता, संगठनात्मक क्षमता एवं किसान हितों के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। संगठन को उम्मीद है कि धनमती यादव अपने अनुभव और ऊर्जा से किसान मोर्चा को और अधिक मजबूत करेंगी तथा किसानों की आवाज को प्रभावी ढंग से प्रदेश स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। नियुक्ति पर स्थानीय किसान नेताओं, सामाजिक संगठनों एवं समर्थकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी हैं। वहीं धनमती यादव ने इस दायित्व के लिए शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे किसानों के अधिकार, सम्मान और समृद्धि के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगी तथा संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगी।



### क्रिकेट टीम के लिए चयन ट्रायल कल

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा सभी जिला क्रिकेट संघों के लिए महिलाओं के अंडर-15 और अंडर-19 चयन ट्रायल्स 2026-27 के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिस हेतु जिले की टीम का चयन ट्रायल 17 जनवरी शनिवार प्रातः 9 बजे से मिनी स्टेडियम महासमुंद में आयोजित होगा। ट्रायल्स में भाग लेने के लिए 2026-27 सत्र की जो कट-ऑफ तिथि तय की गई है। उसके अनुसार अंडर-15 : 1 सितंबर 2011 या उसके बाद जन्मे (31 अगस्त 2014 तक) अंडर-19 : 1 सितंबर 2007 या उसके बाद जन्मे खिलाड़ी पात्र होंगे। ट्रायल्स में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है, बिना पंजीकरण के खिलाड़ी ट्रायल्स में भाग नहीं ले सकेंगे पंजीकरण हेतु पिछले 6 वर्षों की मार्कशीट, डिजिटल/ मैनुअल जन्म प्रमाण पत्र (क्यूआर कोड के साथ), पीवीसी आधार कार्ड, शामिल होना अनिवार्य किया गया है।



**समस्या : चौथी-पांचवीं के बच्चों के कंधे पर 8 किलो का वजन, चलने-फिरने का ढंग हो रहा प्रभावित**

# भारी बस्ते तले दबता बचपन, 4 की जगह 8 किलो का बोझ, झुक रहे मासूमों के कंधे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों के लिए स्कूल बैग या बस्ता भारी भरकम बोझ बन चुका है, शासन द्वारा बस्ते का अधिकतम वजन निर्धारित करने के बाद भी स्कूल मैनजमेंट द्वारा इसे कम नहीं किया जा रहा है, निजी और सरकारी स्कूलों में बस्तों का बोझ कम होने के बजाय बढ़ता ही जा रहा है, बस्ते के बढ़ते बोझ के कारण बच्चों की नन्ही उम्र में पीठ दर्द जैसी समस्याओं से दो चार होना पड़ रहा है आज ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी क्षेत्र हो छोटे-छोटे बच्चों को स्कूल आते-जाते समय भारी भरकम वजन वाला स्कूली बैग उठाकर ले जाते आसानी से देखा जा सकता है। जबकि शासन प्रशासन द्वारा बस्ते के बोझ कम करने के लिए अनेक नियम कानून बनाने का दावा किया जाता है लेकिन इसका असर ग्रामीण क्षेत्र में देखने को नहीं मिलता। बस्ते के बोझ तले बचपन दब गया है इससे बच्चो की शिक्षा और शरीर दोनो पर असर पड़ रहा है देखा जा रहा है नीजी स्कूलों के बच्चे सरकारी स्कूल के बच्चों की तुलना ज्यादा वजनी बस्ता लेकर स्कूल जाते है जिसके पीछे एक कारण यह बताया जाता है कि नीजी स्कूलों में अलग से और विषय संचालित किया जा रहा है जिसके कारण कापी पुस्तकों की संख्या बढ़ जाती है ऊपर से नीजी स्कूलो में बच्चे घर से टिफिन और पानी लेकर जाते है जिसके कारण उनके बस्तों का बोझ बढ़ता ही जा रहा है। मैनपुर नगर में कक्षा चौथी एवं पांचवी के कुछ छात्रों की बस्ता का वजन किया गया तो वह 08 किलो से ज्यादा वजन निकल और भी अन्य कक्षाओं के बच्चों का बस्ते का वजन किया गया तो 07-08 किलो से अधिक ही पाया गया, नीजी स्कूल के बच्चे का बस्ता का वजन किया गया तो 8 किलो के आसपास वजन निकला इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि स्कूली बच्चे बैग में कापी, किताब, लंच बॉक्स, पानी बॉटल आदि रखने के कारण वजन बढ़ गया है। वहीं यह बस्ता का वजन दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है। बस्ते का बोझ बढ़ने से बच्चे थक जाते है और इसका विपरीत असर सेहत पर भी पड़ रहा है बस्ते के बोझ हल्का करना बेहद जरूरी हो गया है जिसके लिए शासन-प्रशासन को कोई कड़ा कदम उठाना चाहिए साथ ही समय–समय पर बच्चो के बस्तों का वजन स्कूलों में किया जाना चाहिए।



#### वजन कम करने की जरूरत

भारी बस्तों के कारण बच्चों स्वास्थ्य पर भी इसका असर पढ़ रहा है, सबसे ज्यादा इसका असर छोटे- छोटे बच्चों के कमर पर पडता है, बच्चे भारी बस्ते को उठाने के कारण अधिकांश बच्चों ने कमर व कंधे में दर्द की शिकायत करते है। इस तरफ बाल संरक्षण आयोग को गंभीरता से लेने की जरूरत है। इस संबंध में चर्चा करने पर मैनपुर बीएमओ डॉक्टर गजेन्द्र ध्रुव, डॉ. केडी जोगी ने बताया की कई बच्चों को भारी भरकम बैग से उनमें कई तरह की समस्याएं हो सकती है इतना ही नहीं इससे उनके उठने-बैठने से लेकर चलने-फिरने तक का ढंग प्रभावित हो रहा है साथ ही उनमें तनाव भी बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा बच्चों के द्वारा लगातार वजन उठाने से झुकी हुई कमर और पॉस्टर से जुड़ी समस्याएं भी हो सकती है।

## स्वतंत्रता सेनानियों की प्रेरणा है वंदे मातरम : योगेश शर्मा





हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के निर्माण की 150वीं वर्षगांठ के गौरवशाली अवसर पर नवीन शासकीय महाविद्यालय मैनपुर में भव्य सामूहिक गान का आयोजन किया गया। देशभक्ति से ओत-प्रोत इस कार्यक्रम में महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं सहित भाटीगढ़ महाविद्यालय और पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों ने एक स्वर में राष्ट्रगीत का गायन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष योगेश शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति हमारी श्रद्धा और अटूट समर्पण का प्रतीक है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान इसी गीत ने क्रांतिकारियों में जोश भरा था और इसे गाते हुए वीरों ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। उन्होंने आगे कहा कि यह गीत हमें एकता, साहस और अपनी समृद्ध संस्कृति के संरक्षण का संदेश देता है। महाविद्यालय के प्राचार्य बीके प्रसाद ने इस अवसर पर कहा कि वंदे मातरम हमें हमारे नागरिक कर्तव्यों की याद दिलाता है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे ईमानदारी और कठिन परिश्रम के माध्यम से भारत को विश्व पटल पर प्रगति की राह पर ले जाने का संकल्प लें। समारोह में मुख्य रूप से मोहम्मद यूनुस मेमन, दिलीप साहू, सरिता ठाकुर, महेंद्र सोनी, श्रीमती नंदनी नेताम, मैनपुर सरपंच हनीता नायक, प्रोफेसर सनबरसन साहू, यशवंत बघेल, माधुरी साहू एवं समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ। कार्यक्रम का समापन अत्यंत उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ, जिससे पूरे परिसर में राष्ट्रभक्ति की लहर दौड़ गई।

## राजगोड़ समाज की बैठक में नशामुक्ति शिक्षा एवं एकता पर दिया गया जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

राजगोंड समाज केंद्र सभा झरगांव के निदेशानुसार गिरसूल में सामाजिक बैठक में नियमावली को पालन करने का निर्णय लिया गया है, जो नियमावली 1970 में झरगांव में अष्ट वर्ग सगा समाज के द्वारा बनाया गया था, उसी नियम को पुनः सन-2015 में अमलीपदर में महासभा आयोजित किया गया था, वहीं नियम फिर से लागू होगा या नहीं इसी का सुझाव ग्रुप सभा गिरसूल में आज बैठक रखा गया था जो कि कुछ नियमों को आंशिक संशोधन करने की आवश्यकता है। इसी को 22 फरवरी को झरगांव में महासभा 30 ग्रुप सभापतियों एवं उड़ीसा के समाज बंधुओं के समक्ष नियम संशोधन हेतु सुझाव होगा, खास कर इसमें नशा मुक्ति, समाज में शिक्षा के बढ़ावा, संगठन में एकता, पर विशेष ध्यान दिया गया, जिसमें उपस्थित सगा समाज में राजगोंड केंद्र सभापति एवं भूतपूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, ग्रुप सभापति जितेन्द्र मांझी धनसिंग मरकाम, भागीरथी मांझी, हेमराज मांझी, कर्मचारी अध्यक टीकम मांझी, ग्रुप सभापति झाकरपारा जगत राम मरकाम, सुकलीभाटा ग्रुप सभापति हरिसिंह सोरी, नारायण सिंह मरकाम, परमानंद मांझी, घनश्याम मांझी, देवीसिंग मांझी, पुरान मांझी, शंकर मांझी, डोमन नेताम, लोहार मांझी, लाले सिंह मांझी, उपेन्द्र मांझी, अर्जुन नागेश, पुनीत नागेश, सर्व आदिवासी युवा प्रभाग अध्यक भोले मांझी, अहिल्या मांझी, तिरोजा मांझी, जमुना मांझी, मालती, निलेंद्री मांझी, सुमित्र सोरी और बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थिति हुए।



## सेंट जॉन्स स्कूल में सेना दिवस पर गूंजा देशभक्ति का तराना, नन्हे बच्चों ने ली देश सेवा की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा

स्थानीय सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम सीबीएसई स्कूल में भारतीय थल सेना दिवस अत्यंत उत्साह, गरिमा और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले वीर जवानों के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय सेना के गौरवशाली इतिहास और उनके त्याग से परिचित कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधन और छात्र-छात्राओं द्वारा दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने भारतीय सैनिकों के पराक्रम पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत और नृत्य ने उपस्थित लोगों में जोश भर दिया।

कविता पाठ और भाषण के माध्यम से सेना के साहस, अनुशासन और बलिदान की कहानियों को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया।



**अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा ही सफलता की कुंजीः प्राचार्या-** विद्यालय की प्राचार्या बिंदु जार्ज जेकब ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा की भारतीय सेना दुनिया की सबसे सशक्त सेनाओं में से एक है। कठिन से कठिन परिस्थितियों में उनके डटे रहने के कारण ही हम सुरक्षित महसूस करते हैं। ऐसे आयोजनों का उद्देश्य छात्रों में केवल देशभक्ति ही नहीं, बल्कि सेना की तरह अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के गुणों को विकसित करना है।

**ऐतिहासिक महत्व की दी गई जानकारी-** विद्यालय के शिक्षकों ने छात्रों को 15 जनवरी के ऐतिहासिक महत्व के बारे में बताया। उन्होंने साझा किया कि किस तरह 1949 में इसी दिन भारतीय सेना की कमान पहली बार एक भारतीय (फील्ड मार्शल केएम करियप्पा) के हाथों में सौंपी गई थी। इस जानकारी से छात्र भारतीय इतिहास के गौरवशाली क्षणों से रूबरू हुए। समारोह के समापन पर पूरे विद्यालय परिवार ने देश की सुरक्षा में प्राण न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों को मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। छात्रों ने संकल्प लिया कि वे भविष्य में देश की सेवा में अपना योगदान देंगे।

संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर 'भारत माता की जय' और देशभक्ति के नारों से गुंजायमान रहा, जिससे विद्यार्थियों के बीच एक प्रेरणादायक माहौल निर्मित हुआ।

## रानीपरतेवा में बीके योगेश कुमार बने नए प्रबंधक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मुड़ागांव(कोरासी)

विगत दिवस ब्रह्माकुमारीज के दिव्य एवं अलौकिक शक्ति केंद्र, ओम शांति भवन रानीपरतेवा में पुराने वर्ष की विदाई और नव वर्ष के बधाई के अवसर पर आयोजित स्नेह मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दिए। ओम शांति भवन के प्रबंधक राजयोगी बीके श्रवण कुमार ने जन्म से मृत्यु तक के जीवन चक्र के रहस्य को बतलाते हुए कहा- हर शिशु का जन्म रोते हुए होता है और जीवन यात्रा पूरा करते मृत्युसैया में पड़े हुए रोते हुए विदाई लेता है लेकिन नाम उनका अमर हो जाता है जो हंसते मुस्कुराते हुए इस संसार सागर से विदाई लेता है। जीवन की इस यात्रा में सुख दुख, मान अपमान, हार जीत की अवस्था में भी जो इंसान समरस रहता है, वह जिंदगी के सफर का आंनद लेते, हंसते मुस्कुराते हुए संसार से विदाई लेता है और अपने श्रेष्ठ कर्मों के कारण इतिहास में अमर हो जाता है। ओम शांति भवन की बढ़ती हुई बेहद की सेवाओं के मद्देनजर राजयोगी बीके योगेश कुमार को अगला प्रबंधक नियुक्त कर उन्हें कार्यभार सौंपा गया। कार्यक्रम को जनपद सदस्य अवधराम साहू, सरपंच हेमलाल नेताम, भाजपा मंडल के संगठन मंत्री पालेंद्र साहू तथा ग्राम कनेसर के सरपंच ने भी संबोधित किए। तत्पश्चात राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अफसाना वंदना बहन ने परमपिता परमात्मा शिव तथा दिव्य शक्तियों को भोग स्वीकार कराई। कार्यक्रम में कसेकेरा तथा फिंगेश्वरी के बच्चियों द्वारा रंगारंग नृत्य प्रस्तुति किया गया। कार्यक्रम में नाशिक, महाराष्ट्र, रायपुर, बिलासपुर, गरियाबंद, अभनपुर, तेंदुकोना, आरंग, राजिम, फिंगेश्वर, छुरा, मुहेरा, अमेठी, कसेकेरा, फिंगेश्वरी, अकलवारा, खड़मा, कनेसर, करकरा के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए। कार्यक्रम के पश्चात सभी को ब्रह्मा भोजन खिलाया गया और अतिथियों को शाल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया तथा अन्य सभी को वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। शिक्षक छोटेलाल सिंहा ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीके कुंजरानी निषाद, बीके वंदना कंवर, ग्राम पटेल साधुराम निषाद, मधुसूदन साहू, बसंत यादव, कोमल यदु, की भी भूमिका सराहनीय रही।




## गिरधारी साहू पुन बने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा के ग्रामीण अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण के गिरधारी साहू को दोबारा अध्यक्ष बनाया गया है। दोबारा अध्यक्ष बनने पर श्री साहू ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, पीसीसी के पूर्व चीफ धनेंद्र साहू के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्री साहू को कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में पप्पू बंजारे जिला कांग्रेस अध्यक्ष, प्रवीण साहू सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी, ब्रह्मानंद साहू सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी, यशवंत साहू जिला पंचायत सदस्य, लोकमणी कोशले जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, दानी साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, चंद्रहास साहू उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, डामन साहू उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, राजू शर्मा महामंत्री किसान कांग्रेस, शशि प्रकाश साहू सरपंच, अक्षय साहू सरपंच, चोमेश्वर कुर्रे सरपंच, अजय साहू सरपंच, संजीवगिरी गोस्वामी जनपद सदस्य, कुंती लखन साहू जनपद सदस्य, सविता ताराचंद साहू जनपद सदस्य, रेणु दिलीप बंजारे जनपद सदस्य, मेनका संजय पटेल, जनपद सदस्य, चित्रलेखा दीपक तारक जनपद सदस्य, आशु साहू सरपंच प्रतिनिधि, रमेश साहू सरपंच, सतीश ध्रुव सरपंच सहित क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधि और कांग्रेसजन शामिल है।



## स्वामी विवेकानंद की जयंती पर सेजेस में मनाया गया युवा दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा

स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर स्वामी आत्मानंद हिंदी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, छुरा में युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन गरिमामय एवं प्रेरणादायी वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों से परिचित कराते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान गायत्री परिवार की सक्रिय कार्यकर्ता श्रीमती दीपाली सारस्वत एवं नंदनी साहू ने नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों को सचित्र माध्यम से समझाया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और समाज को भी नशामुक्त बनाने के लिए जागरूकता अभियान चलाएं। इस अवसर पर तिजऊ राम साहू ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युवा यदि लक्ष्य निर्धारित कर परिश्रम और अनुशासन के साथ आगे बढ़े, तो वह सशक्त, समर्थ एवं सफल बन सकता है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को जीवन में अपनाने पर बल दिया। भुनेश्वर पटेल द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत ने कार्यक्रम में जोश और उत्साह का संचार किया। वहीं विद्यालय के व्याख्याता विनोद देवांगन ने गायत्री मंत्र की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इसके आध्यात्मिक एवं मानसिक लाभों की विस्तृत व्याख्या की। केशव प्रसाद साहू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन विद्यार्थी जीवन की रीढ़ है, जिसके बिना सफलता की कल्पना अधूरी है। कार्यक्रम में विद्यालय के अन्य व्याख्याता, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में युग निर्माण सत संकल्प का सामूहिक वाचन किया गया तथा राजगीर के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों के मन में सकारात्मक सोच, राष्ट्रभक्ति एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को और अधिक मजबूत किया।







